## "छत्तीसगढ़ होमगार्ड के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी हेतु) के रिक्त पदों पर लिखित परीक्षा आयोजन की सूचना"

होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष–2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 04 संभागीय केंद्रो में रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर. एवं अम्बिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20,137 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट **https:firenoc.cg.gov.in** पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट **https:\\vyapamcg.cgstate.gov.in** के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग. व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबासाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन **सबमिट** नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नही होंगे। अभ्यर्थी द्वारा होमगार्ड विभाग के वेबसाईट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाईट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक **सबमिट** करना अनिवार्य है लिखित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि | – | 16.04.2025 (बुधवार) |
| 2. | व्यापम वेबसाईट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि | – | 30.05.2025 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे तक |
| 3. | परीक्षा की संभावित तिथि | – | 22.06.2025 (रविवार) |
| 4. | परीक्षा का समय | – | पूर्वान्ह (02 घंटे) |
| 5. | प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | – | 13.06.2025 (शुक्रवार) |
| 6. | परीक्षा केन्द्र | – | रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, अम्बिकापुर |

9.4

महानिदेशक
नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन
सेवाएं तथा एसडीआरएफ छत्तीसगढ़